www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 4 नवम्बर, 2018
वर्ष – 11 | अंक –211 | पृष्ठ – 14
मूल्य – 4.00 रु.
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

बाजार हिस्सेदारी में एयर इंडिया शीर्ष तीन से बाहर पृष्ठ 12
▶ 15 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर
▶ पाक में टीएलपी कार्यकर्ताओं ने की हिंसा पृष्ठ 02
▶ सिग्नेचर ब्रिज उद्घाटन, लेजर शो आज
▶ त्योहारों पर रेल टिकट दलाल सक्रिय पृष्ठ 04
विमर्श
कहीं हॉकी जैसा न हो जाए कबड्डी का हश्र! पृष्ठ 09
रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने रेलवे पर ली 161 रनों की बढ़त पृष्ठ 13

पंजाबी व पाश्चात्य गानों पर सोसाइटी के लोग जमकर झूमे

■ दो दिवसीय फेस्ट में जाने माने कलाकार व संगीतकार हुए शामिल

ग्रेटर नोएडा, 3 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड सिटी स्थित गौड स्टेडियम में दो दिवसीय ग्रेट नोएडा फेस्ट का आयोजन किया गया, इस मौके पर देश के जाने माने गायकों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

देर रात तक अलग-अलग गायकों ने अपनी सुरीली आवाज के जलवे बिखेरे। इस कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रसिद्ध डीजे जुल्फी ने करी, उन्होंने संगीत व रीमिक्स गानों से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके तुरंत बाद स्पर्श प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपनी प्रस्तुति के बाद डीजे अंकिता ने बताया कि गौड सिटी

में परफॉर्म करना उनके लिए एक नया अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा बहुत ही कम होता है जब पूरा परिवार एकसाथ कॉन्सर्ट देखने आए, वरना इसके युवाओं की पसंद ही माना जाता है। मनोरंजन में रुकावट न रखते हुए बॉलीवुड के जाने माने गायक कमल खान ने इश्क सूफियाना गाने पर प्रस्तुति दे कर माहौल में प्यार की लहर दौड़ा दी और फिर युवाओं में और जोश भरते हुए पंजाबी सिंगर सुक्खी याने यूजिकल डॉक्टर्स ने अपने जाने-माने गाने जैगुआर पर स्टेडियम में मौजूद हर एक व्यक्ति के अंदर उत्साह भर दिया।